>

Title:Need to establish a medical college in Vikram University, Ujjain in Madhya Pradesh.

श्री प्रेमचन्द गुड्डू (उज्जैन): देश के लगभग सभी विश्वविद्यालयों में मेडिकल कॉलेज है। मेरे संसदीय क्षेत्र उज्जैन के विक्रम विश्वविद्यालय में मेडिकल कॉलेज की सुविधा नहीं है।

विक्रम विश्वविद्यालय की स्थापना सन् 1957 में हुई थी लेकिन 55 वर्ष बीत जाने के बाद भी इसमें मेडिकल सुविधा प्राप्त नहीं हो सकी है। इसके बाद के कई विश्वविद्यालयों में मेडिकल कॉलेज स्थापित हो चुके हैं। इस यूनिवर्सिटी में उज्जैन, देवास, रतलाम, मंदसौर, शाजापुर, नीमच आदि जिलों के बच्चे शिक्षा ग्रहण करने के लिए आते हैं। यहां के छात्र विशेषकर लड़कियां मेडिकल शिक्षा सुविधा न होने से चिकित्सीय पढ़ाई में पिछड़ रही है। यूपीए सरकार लड़कियों की शिक्षा पर ज्यादा ध्यान दे रही है। ग्रामीण इलाकों के व्यक्ति अपनी लड़कियों को ज्यादा दूर पढ़ाई हेतु नहीं भेज सकते।

चिकित्सीय शिक्षा हेतु छोटे-छोटे कोर्सों के लिए उज्जैन संभाग में दो-तीन निजी संस्थान हैं, वे एडमिशन हेतु अपने मनमाने तरीके से डोनेशन मांगते हैं जिसे गरीब व मध्यम आदमी देने में असमर्थ है।

मेरा माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जी से अनुरोध है कि विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन में मेडिकल कॉलेज की जल्द से जल्द स्थापना की जाए।